# 24 सीटों पर अन्य दलों से आए विधायकों ने इन क्षेत्रों में कांग्रेस को निष्क्रिय बनाया!

## अब मुख्यमंत्री कर रहे हैं इन विधायकों को टिकट देने की पैरवी, तो 2018 में हारने वालों की बगावत का खतरा

- पार्टी खराब स्थिति वाले मंत्री-विधायकों की टिकट काटने पर अड़ी, ज्यादा अंतराल से हारने वालों पर भी चर्चा नहीं
- यही कारण है कि स्क्रीनिंग कमेटी में अधिकांश सीटों पर चर्चा अधूरी रही

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस की कवायद चल रही है लेकिन इस कवायद में अब एक पेज यह फंस गया है कि क्या कांग्रेस सभी 200 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने जा रही है। दरअसल यह बात इसलिए सामने आई है कि सरकार बचाने को लेकर 13 निर्दलीय, 6 बसपा से आए विधायकों सहित दो माकपा, दो बीटीपी और एक आरएलडी विधायक की भूमिका रही ऐसे में अब मुख्यमंत्री चाहते हैं कि इन सबको कांग्रेस की ओर से मौका मिले। लेकिन समस्या यह है कि यदि इनको मौका दिया जाता है, तो इन क्षेत्रों में कांग्रेस के जो 2018 के उम्मीदवार रहे हैं, उनके विरोध का सामना पार्टी को करना पड़ेगा। वैसे भी इन 24 सीटों पर दूसरे दलों से आए और सरकार के साथ रहे विधायकों ने इन क्षेत्रों में कांग्रेस के लोगों को लगभग निष्क्रिय सा कर दिया है।

इन 24 विधायकों में से बसपा से आए एक राजेंद्र गुढ़ा अब शिवसेना में जा चुके हैं और बीटीपी के दोनों विधायकों ने नया दल बाप बनाकर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वहीं बसपा से आए दीपचंद खेरिया अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। वहीं बाकी बची 20 सीटों पर अब यह विधायक कांग्रेस का टिकट चाहते हैं, इनमें से किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक बने सुरेश टाक ने फिर से चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है। अब इन विधायकों को लेकर कांग्रेस में गले की फांस चुभने लगी है क्योंकि बसपा से आए चार विधायकों जोगिंदर अवाना, वाजिब अली, लाखन मीणा और संदीप यादव ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर सरकार का सहयोग करने के बदले अब टिकट की मांग रख दी है। वहीं निर्दलीयों में से भी अधिकांश कांग्रेस का टिकट चाहते हैं। इतना ही नहीं अभी तक इंडिया गठबंधन के दलों के साथ में राजस्थान की कुछ सीटों को लेकर गठबंधन का पेच भी फंसा हुआ है। जब तक वह सब क्लियर नहीं हो जाता, तब तक भी कांग्रेस की टिकटों को लेकर माथापच्ची जारी रहने वाली है। लेकिन असल बात यह है कि यदि इन दूसरे दलों से आए विधायकों और निर्दलीयों को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है, तो जिस तरह से अब तक उनके क्षेत्र में कांग्रेस के टिकट पर हारे हुए नेता इनका विरोध कर रहे थे। अब इन्हें टिकट दिया जाता है, तो इन सभी क्षेत्रों में कांग्रेस में बगावत होना तय माना जा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में इन बातों पर विचार तो हुआ लेकिन पार्टी निर्णय तक नहीं पहुंच पाई है।

इस बीच नई दिल्ली में जहां पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने जोधपुर हाउस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की और विधानसभा चुनाव को लेकर लंबी चर्चा की। वहीं इसके बाद में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पार्टी नेता मुकुल वासनिक से मिलने उनके निवास पर पहुंचे और दोनों नेताओं ने चर्चा की। दरअसल स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में यह बात निकलकर आई है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां उनके साथ देने वाले विधायकों को टिकट दिए जाने के पक्ष में तो है ही, साथ ही वे कुछ सीटों पर इंडिया गठबंधन के दलों से भी समझौता चाहते हैं, लेकिन बाकी नेता इसके विरोध में है। वही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने मौजूदा विधायकों को फिर से टिकट दिलाना चाहते हैं लेकिन पार्टी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री के पास जो रिपोर्ट पहुंची है, उनके अनुसार वर्तमान में अधिकांश मंत्री- विधायकों की हालत अपने क्षेत्र में खराब है। कई मंत्री-विधायकों के खिलाफ क्षेत्र में हो रहे विरोध प्रदर्शन के वीडियो भी दिल्ली पहुंचे हैं और पार्टी चाहती है कि उन मंत्री-विधायकों के टिकट काट दिए जाएं। यही कारण है की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में नाम को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।

वही पिछली बार कांग्रेस की हवा होने के बावजूद जिन सीटों पर बड़े अंतराल से पार्टी हारी है वहां भी वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री को मिली रिपोर्ट के अनुसार उम्मीदवार बदले जाने पर पार्टी की स्थिति में सुधार हो सकता है, लेकिन कुछ सीटों पर मुख्यमंत्री गहलोत तो कुछ सीटों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बड़े अंतराल से हारने वालों को फिर उम्मीदवार बनाना चाह रहे हैं। जबकि ऐसा होने पर पार्टी के जीतने की स्थिति नगण्य बताई जा रही है। इन सीटों पर भी चर्चा अधूरी रही है।

यही कारण है कि अब एक-दो दिन में राजस्थान की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य फिर राजस्थान आ सकते हैं, जहां वे फिर से उन सीटों पर चर्चा कर सकते हैं, जहां पार्टी पिछली बार बड़े अंतराल से हारी है। वहीं जिन मंत्री-विधायकों की स्थिति खराब है वहां भी विकल्पों पर विचार कर सकती है।

# नवरात्र पर शिव स्तुति व राग दुर्गा से दर्शक भाव विभोर हुए

- जेकेके में तीन दिवसीय शरद रंग महोत्सव का हुआ समापन
- कथक की ताल और लय तथा बांसुरी वादन से श्रोता झूम उठे



चेतन जोशी

**जयपुर**,(कासं) । डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान एवं उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा आयोजित हो रहे शरद रंग महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को कलाकारों ने कथक नृत्य एवं बासुरी वादन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसफ़,डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष एवं प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा,आईएएस मेघराज सिंह रतनू,उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान ख़ान ने दीप प्रज्वलन कर की।

जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में तीन दिवसीय शरद रंग महोत्सव में कथक नृत्यांगना मनीषा गुलियानी के घुघुरू की झंकार सुनकर दर्शक झूम उठे।

गुलियानी ने विश्वनाथ अष्टकम स्त्रोत पर अपने घुंघरूओं की थापों के साथ-मेल कर शिव स्तुति पर अपना कथक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। फिर उन्होंने ताल, तीन ताल बंदिशें और अभिनय में ठुमरी की प्रस्तुति से अपने चेहरे की भाव भंगिमाओं और आकर्षक नृत्य से से रंगायन करतला ध्वनि से गूंज उठा। इस दौरान संगत पर रमेश मेवाल ,तबले पर अंकित पारीक, पढ़ त पर शुभम पाल सिंह एवं सितार पर मो. इफारन ने साथ दिया। लाइटिंग गमन मिश्रा ने की।

कार्यक्रम में आकर्षण के केंद्र, राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाँसुरी वादक पंडित चेतन जोशी थे। उन्होंने अपने कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रोताओं से बातचीत में कहा कि आज से नवरात्र का प्रारंभ हो रहा है इस कारण उन्होंने राग दुर्गा का चयन किया है।

पंडित जोशी ने अपने वादन का प्रारंभ राग दुर्गा में आलाप, जोड़ तथा झाला से किया। इसमें उन्होंने अति मंद्र सप्तक बजाने का भी अद्वितीय प्रयोग किया, जिसके लिए उनका नाम कई शोध प्रबंधों में भी आया है। संक्षिप्त आलाप के बाद उन्होंने विलंबित रूपक ताल में एक गत रखी, जिसमें विभिन्न प्रकार की लयकारियों का अद्भुत समावेश दिखाई दिया। मध्य लय की बंदिश "श्याम सुंदर छवि आज निरखि सखी" बजाने से पहले आपने उसे गाकर भी बताया। श्रोताओं की फरमाइश पर पंडित चेतन जोशी ने बंगाल की एक भटियाली धुन सुना कर अपने अविस्मरणीय कार्यक्रम का समापन किया। तबले पर दिल्ली के वरिष्ठ तबला वादक पंडित आशीष सेनगुप्ता ने सधी हुई संगत की। उन्होंने तबले पर अप्रतिम कुशलता का प्रदर्शन कर श्रोताओं का मन जीत लिया।

पंडित चेतन जोशी का बाँसुरी वादन श्रोताओं के लिए अविस्मरणीय रहा तथा इसकी गूँज लम्बे समय तक बनी रहेगी।



नवरात्र का पावन पर्व रविवार से शुरू हुआ। इस अवसर पर जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में सुबह से ही माता के दर्शन करने के लिये कतारें लगी रहीं। वहीं लोग इस मौके पर माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।



नवरात्र के पावन महापर्व पर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर में श्री शिला माताजी मंदिर एवं श्री भैरव जी मंदिर के दर्शन कर आमेर परिवार सहित समस्त प्रदेशवासियों के कल्याण और उन्नति की कामना की।

# ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने की मांग करेंगे खड़गे

- आज बारां में कांग्रेस करेगी आमसभा

**जयपुर**, (का.प्र.)। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर राजस्थान की जनता के साथ वादाखिलाफी के विरुद्ध राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार 13 जिलों में मण्डल स्तर पर कांग्रेस ने खाली मटके लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी मुद्दे को लेकर 16 अक्टूबर को डोल मेला ग्राउण्ड बारा में पार्टी विशाल जनसभा करेगी। सभा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि ईआरसीपी से लाभान्वित होने वाले समस्त 13 जिलों में केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर राजस्थान की जनता के साथ वादाखिलाफी करने के विरोध में वृहद जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 13 जिलों के सभी ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों द्वारा गांव-गांव, ढाणी ढाणी में खाली मटके रखकर प्रदर्शन किया गया तथा प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को पूर्ण करने हेतु किया जा रहे कार्यों की जानकारी आम जनता को दी गई।

## विश्व स्पाइन दिवस आज

**जयपुर**, (का.सं.)। हर वर्ष की भांति 16 अक्टूबर को विश्व स्पाइन दिवस मनाया जाता है। इस दिन रीढ की हड्डी के दर्द, रोग एवं विकलांगता से संबंधित विशेषज्ञ एवं संगठन लोगों का ध्यान रीढ की हड्डी के रोगों की रोकथाम एवं उनके प्रभावी प्रबंधन की ओर आकर्षित करते हैं।

इस वर्ष स्पाइन दिवस की थीम है मूव योर स्पाइन यानी आप अपने रीड की हड्डी को चलायमान रखें। यह अभियान लोगों को सक्रिय रहकर अपनी रीड की हड्डी की देखभाल करने का आव्हान करता है। सीनियर स्पाइन फिज़िशियन डॉ सुरेन्द्र आबूसरिया ने बताया कि साक्ष्यों से पता चला है कि लोगों की गतिहीनता एंव शारीरिक गतिविधियों की कमी रीढ की हड्डी के दर्द और विकलांगता के कारण बनते हैं। मूव योर स्पाइन अभियान सभी देशों में सभी उम्र के लोगों को सक्रिय होने और अपनी रीढ की हड्डी के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# दीया कुमारी ने किया चुनाव प्रचार का आगाज

- लघु उद्योग भारती जयपुर प्रान्त के उद्यमियों के साथ बैठक

**जयपुर**। विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी ने रविवार को विद्याधरनगर क्षेत्र के तारानगर में स्थित गणेश मंदिर से विधानसभा चुनाव प्रचार का शुभारंभ किया। दीया कुमारी ने मन्दिर में पूजा अर्चना की और भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मन्दिर प्रांगण में भारी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय से मिले उत्साहजनक समर्थन के लिए सभी के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद दीया कुमारी ने अंबाबाड़ी स्थित अंबा माताजी मंदिर, ढेहर के बालाजी मंदिर, अंबाबाड़ी स्थित सियाराम बाबा की बगीची, पापड़ के हनुमानजी एवं भूतेश्वर महादेव मंदिर जाकर दर्शन किये। उसके पश्चात उन्होंने विद्याधरनगर स्टेडियम में श्री राम कथा एवं त्रिपोलिया गेट पर अग्रसेन जयंती शोभायात्रा में आरती उतारी।

दीया कुमारी रविवार को लघु उद्योग भारती जयपुर प्रान्त के उद्यमियों की बैठक में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती एक महत्वपूर्ण संगठन है एवं इस संगठन ने लघु उद्यिमयों को एकसूत्र में पिरोकर उन्हें राष्ट्रीय विचारधारा और मूल्यों को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

लघु उद्योग भारती जयपुर प्रान्त के पदाधिकारियों ने दीया कुमारी का स्वागत किया एवं विधानसभा चुनाव में सहयोग के लिए आश्वस्त किया। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश मित्तल, जाटावाली इकाई सचिव सुशील काबरा, जयपुर प्रान्त महासचिव सुनीता शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मुकेश पारीक, भवानी निकेतन के मंडल अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सुमेर सिंह शेखावत, पवन झालानी, हरिओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल एवं चिरंजीलाल कुमावत सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

दिया कुमारी ने श्री अग्रवाल सेवा समिति विद्याधर नगर के तत्वावधान में अग्रसेन सर्किल, सेक्टर 9 में तथा अग्रवाल समाज समिति के तत्वावधान में मुरलीपुरा क्षेत्र में हुए अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम में अग्रसेन महाराज जी की आरती एवं चरण वंदन की।

कार्यक्रम में आयोजक समिति के अध्यक्ष नथमल मित्तल, महासचिव ब्रह्म प्रकाश आर्य, कोषाध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, महिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, सचिव सिम्मी खोवला समेत अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# करीब 12 करोड़ रुपए की अवैध शराब व नकदी जब्त

**जयपुर**, । विधानसभा आम चुनाव - 2023 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने आज रिकॉर्ड 12 करोड़ रूपए से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज व नगदी पकड़ा है। इसी तरह कल भी एजेंसियों ने 16 करोड़ रु की कीमत से ज्यादा के ड्रग्स, शऱाब, सोना, फ्रीबीज व नगदी पकड़ा था। आचार संहिता लागू होने से अब तक एजेंसियां 63 करोड़ रूपए से ज्यादा कीमत की अवैध सामठाी जब्त कर चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। इसमें आचार संहिता लगने से अब तक 7 करोड़ 48 लाख रू कैश, ड्रग्स लगभग 28.61 करोड़ रूपए, शराब 4 करोड़ 75 लाख रूपए और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 5.76 करोड़ रूपए की जब्ती की गयी है जबकि फ्रीबीज 16.72 करोड़ के जब्ती की गयी है। इन एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख है

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश भर में विभागों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बताया कि बूंदी में आज सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर सी-विजिल एप के जरिए अवैध शराब के वितरण की शिकायत प्राप्त हुयी जिस पर उडन दस्ते रिकॉर्ड 11 मिनट पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त कर ली गयी। गौरतलब है कि आचार संहिता लागू होने से अब तक यानि पिछले 6 दिन में प्रदेशभर में 1 लाख 35 हजार 819 जागरूक लोगों द्वारा सी विजिल एप डाउनलोड किया गया है।

## भाजपा प्रदेश मीडिया टीम की बैठक

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आज रविवार को मीडिया विभाग टीम की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश पदाधिकरीयो और प्रदेश मीडिया टीम में विचार विमर्श हुआ कि चुनाव की रणनीति कैसी होनी चाहिए, कैसे भाजपा का मीडिया में सकारात्मक रूख रहे। संभाग, जिला व बूथ स्तर के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को कैसे उखाड़ फेंकने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनाज पुनावाला ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है और अपराधी बेखौफ अपराध किए जा रहे हैं। प्रदेश में आये दिन अपराधिक घटनाएं घटित हो रही है। भ्रष्टाचार, लूट, महिला अपराध और दुष्कर्म की घटना यहां आम बात हो गई है।

# रजनी मोरवाल के उपन्यास "बटनरोज" का लोकार्पण




वरिष्ठ कथाकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने प्रगतिशील लेखक संघ, जयपुर इकाई और राधाकृष्ण पुस्तकालय के तत्वावधान में रजनी मोरवाल के उपन्यास "बटनरोज" के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

**जयपुर**। वरिष्ठ कथाकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा है कि रजनी मोरवाल का उपन्यास "बटनरोज" प्रेम पर लिखा गया है जिसमें रचनाकार ने अपनी पुरानी स्मृतियों को आधार बनाया है। प्रेम के अनेक रूप हैं किन्तु इसमें उन्मुक्त रूप सामने आया है। इसमें आनंद की परिणति है। डॉ. भारद्वाज प्रगतिशील लेखक संघ, जयपुर इकाई और राधाकृष्ण पुस्तकालय के तत्वावधान में उपन्यास के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि उपन्यास की यात्रा प्रकृति का अनुमोदन करती है। प्रेम का खुलापन कभी कभी भारतीय समाज में दुविधा भी बन जाता है। इस उपन्यास में लेखिका ने साहस के साथ प्रेम के खुलेपन का चित्रण किया है। प्रेम जीवन की उदात्तता को बढ़ाता है।

मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी ने कहा कि उपन्यास में एंग्लो इंडियन समाज के युवक को नायक बनाया है जो साहित्य में अब तक उपेक्षित रहा है। यह सराहनीय प्रयास है। हमारे समाज में यदि भारतीय समाजों की उपस्थिति नहीं है तो वह काबिले खारिज है। इस दृष्टि से हमें संकुचित नजरिए से ऊपर उठने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उपन्यास में कला संवेदना झलकती है। मेरी दृष्टि में उपन्यास और विस्तार की मांग करता है।

ओम थानवी ने कहा कि यह बेहद सार्थक है कि उपन्यास के बहाने यहाँ साहित्य के वर्तमान पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि कथा में विवेक सम्मत नजरिया होना चाहिए और भाषायी जिम्मेदारी का बर्ताव अपेक्षित है। विषय वस्तु अपनी भाषा को साथ लेकर आती है।

प्रतिष्ठित कवि कृष्ण कल्पित ने कहा कि पतित साहित्य समय में साहित्यिक कृति पर चर्चा होना बड़ी बात है। प्रेम की खोज सदियों से चल रही है और अभी भी पूरी नहीं हुई है। यह एक ऐसी प्यास है जिसकी पूर्ण तृप्ति नहीं होती। इसे रजनी ने बेहतर ढंग से सामने लाने का प्रयास किया है। उपन्यास की भाषा कथानुकूल है। यह प्रेम की ही नहीं बल्कि प्रेम की निस्सारता की मोहक कहानी है। उपन्यास में प्रेम को नए ढंग से देखने का स्वाद और खुशबू है। वरिष्ठ कवि कृष्ण कल्पित का कहना था कि इस उपन्यास में स्त्री-पुरुष की खोज एक सनातन प्यास के रूप में प्रकट हुई है। यह कथा एक नये ढंग से प्रेम त्रिकोण को प्रस्तुत करती है।

वरिष्ठ आलोचक राजाराम भादु ने कहा कि इस उपन्यास की मुख्य पात्र मारिया ऐंग्लो इण्डियन है। यह समुदाय भारतीय सिनेमा में पर्दे के पीछे काम करने वालों का रहा है। इस उपन्यास में यह मुख्यधारा में दिखाई दिया है। यह उपन्यास स्त्री विमर्श के बहाने विवाह सत्ता को भी कठघरे में खड़ा करता है।

उपन्यास की लेखिका रजनी मोरवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह उनका पहला रोमांटिक नॉवल है जो प्रेम त्रिकोण पर आधारित है।

## मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास युवक का शव मिला

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार रात एक युवक की हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उसका शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। मानसरोवर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। अब पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर युवक के हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है। मृतक की पहचान बुधराम (30) निवासी थानागाजी अलवर के रूप में हुई है।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# पेपर लीक मामले में ईडी ने अब तक तीन करोड़ 12 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की

## ईडी भूपेन्द्र सारण, बाबूलाल कटारा, अनिल कुमार उर्फ शेर सिंह सहित अन्य लोगों के अब तक 22 ठिकानों पर छापे मार चुकी है

- ईडी ने अपनी जांच में माना है कि आरोपियों ने मिलीभगत वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय का सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र लीक कर दिया और 8 से 10 रुपए लेकर अभ्यर्थियों को बेच दिया था।

**जयपुर**। पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोपी भूपेन्द्र सारण, बाबूलाल कटारा अनिल कुमार उर्फ शेर सिंह सहित अन्य लोगों के अब तक 22 ठिकानों पर छापे मारकर करीब तीन करोड़ 12 लाख रुपए की चल अचल संपत्तियां जब्त की है।

ईडी के अनुसार ने अपनी जांच में माना है कि आरोपी भूपेन्द्र सारण और बाबूलाल कटारा ने दोनों के साथ मिलीभगत की। इसके चलते आरोपियों ने 21, 22 और 24 दिसम्बर 2022 को आयोजित वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय का सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र लीक कर दिया और 8 से 10 रुपए लेकर अभ्यर्थियों को बेच दिया।

मामले की जांच करते हुए इससे पहले ईडी ने इस मामले में आरोपियों के 15 परिसरों में तलाशी ली थी। इस दौरान इस साल 5 जून को आपत्तिजनक दस्तावेज़ व डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किया। इस बीच पुलिस द्वारा आरोपियों की रुपये की चल और अचल संपत्ति अनंतिम रूप से कुर्क की गई। 18 अगस्त को आरोपियों से 3 करोड़ 11 लाख 93 हजार 597 रुपए की चल अचल संपत्ति जब्त की गई। वहीं तीन आरोपियों बाबूलाल कटारा, अनिल कुमार मीना उर्फ शेर सिंह मीना और भूपेन्द्र सारण को गिरफ्तार किया गया। उधर, शुक्रवार को ईडी ने मामले में दिनेश खोदनिया, अशोक कुमार जैन, प्रेरणा चौधरी, सुरेश ढाका और अन्य के जयपुर डूंगरपुर सहित कई आवासीय परिसरों पर सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्तियों के बिक्री कार्यों की प्रतियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 24 लाख रुपये बरामद कर जब्त किए गए।

उधर दूसरी ओर जयपुर के गणपति प्लाजा में लॉकर्स की जांच में इनकम टैक्स विभाग की टीमें जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि अब तक करीब सात सौ लॉकर्स की जांच की जा चुकी है।

**खोया पाया**

मेरे प्लॉट संख्या 691, 692, 695 सचिवालय नगर सीतापुरा, दुकान नंबर 37, मारूती कॉलोनी, श्योपुर रोड, जयपुर, 45 मोजी कॉलोनी, प्रताप नगर, टोंक रोड के समस्त मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गए है, मिलने पर सूचित करें। तृप्ति शर्मा पत्नी श्री रोहित कुमार शर्मा, मो.9460209129

**NAME CHANGE**

I Mantosh Devi W/o Mahesh Kumar Yadav residing at 173, Chatarpura, Keera Ki Dhani, Tehsil Bansur Alwar (Raj.) 301024. Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Mamta Devi to Mantosh Devi. In future I will be known by my changed name.
Date-14/10/23 Deponent